Title: Need to take adequate steps to check recurring floods in eastern Uttar Pradesh caused by rivers flowing from Nepal -Laid.

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ0प्र0) : उपाध्यक्ष महोदय, नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाली नदियों के कारण उ0प्र0 नेपाल सीमा पर गण्डक, वघेला, महाव, रोहिन एवं राप्ती नदियों की प्रलयकारी बाढ़ से पूर्वी उ0प्र0 के कुशीनगर, महराजगंज, गोरखपुर सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर, देवरिया, जनपद के लाखों लोगों को प्रतिर्वा जन-धन की हानि उठानी पड़ रही है। गत र्वा जिन स्थानों पर रोहिन, राती की बाढ़ से बांध टूटे उन्हें बचाने के लिए अभी तक कोई इंतजाम नहीं किया गया है।

भारत सरकार से अनुरोध है कि वह एक केन्द्रीय दल भेज कर नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाली उपरोक्त नदियों के वर्तमान प्रकृति का अवलोकन करके बाढ़ बचाव के समुचित प्रबंध र्वाकाल प्रारंभ होने से पूर्व करें।